प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर के प्रवास पर है। वे दोपहर बाद मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद श्री बागडे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

00000

निर्वाचन आयोग के साथ सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन कल नई दिल्ली में संपन्न हुआ। सम्मेलन के अंतिम दिन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ, प्रमुख सामग्री की समय पर उपलब्धता के लिए प्रत्येक मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्रवाई योग्य बिंदुओं की समीक्षा की। समापन संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि सभी अधिकारियों को मौजूदा संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार काम करना चाहिए।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई है। इस वर्ष परीक्षा में 19 लाख 98 हजार 509 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए हैं। परीक्षा का आयोजन 6 हजार 187 केंद्रों पर किया जा रहा है। परीक्षाओं के सफल और पारदर्शी आयोजन के लिए बोर्ड ने पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए है।

00000

सिरोही में नेशनल हाईवे–27 पर किवरली के पास आज तडके एक कार और ट्रॉले की टक्कर में छः लोगों की मृत्यु हो गई। इनमें एक परिवार के तीन लोग शामिल थे। कार में सवार ये सभी लोग जालोर के रहने वाले थे और अहमदाबाद से जालौर लौट रहे थे। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 2 लोगों ने आबूरोड अस्पताल में दम तोड़ा। एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही रेफर किया गया है।

000000

हनुमानगढ़ में 8 से 10 मार्च तक समृद्ध किसान – विकसित राजस्थान की थीम पर कृषि महोत्सव 2025 आयोजित किया जायेगा। उन्नत कृषि तकनीकी को बढावा देने के उद्देश्य से भरने वाले इस मेले की व्यवस्थाओं का जिला कलेक्टर काना राम ने निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को समय पर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मेले में 250 से अधिक स्टार्टअप, लाइव डेमोंस्ट्रेशन की स्टॉल लगायी जायेगी। मेले का आयोजन श्री खुशालदास विश्वविद्यालय में किया जाएगा।

00000

प्रदेशभर में टीबी मुक्त अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में आज जैसलमेर के पूनमनगर में सरकारी विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर टीबी रोग, कारण, लक्षण एवं निदान के बारे में बताया गया।

00000

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश में महिलाएं और बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेगी। इसके लिए आदेश जारी किए गए है। रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि 8 मार्च को रोडवेज की एसी और वॉल्वो बसों के अलावा सभी साधारण और एक्सप्रेस बसों में राज्य की सीमा में यात्रा करने वाली महिलाओं को एक दिन के लिये यह सुविधा दी जायेगी। इसके

अलावा जयपुर शहर में सभी श्रेणी की लो– फ्लोर बसों में भी महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के लिए निशुल्क यात्रा रहेगी।

00000

भीलवाड़ा में आज से राजसखी मेले का शुभारम्भ किया जायेगा। 12 मार्च तक चलने वाले इस मेले मे महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों को बाजार में बिकी के लिए मंच प्रदान किया जायेगा। इन उत्पादों में ब्लॉक, बंधेज, लहरिया प्रिंट और जूट सहित मिट्टी तथा लकडी की कलाकृतियां शामिल है। मेले का उद्घाटन दोपहर बाद जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू करेंगे।

00000

आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट का फाइनल मैच रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा। कल रात लाहौर में खेले गये दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 362 रन का स्कोर खड़ा किया। इस के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 312 रन पर ही सिमट गई। इससे पहले भारत ने दुबई में मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

00000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि इस वर्ष खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे, इसमें विश्व के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। यह खेलो इंडिया पैरागेम्स का दूसरा संस्करण होगा।

00000